भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ

हिंदी दिवस समारोह का प्रारंभ केंद्रीय रूप से 14 सितंबर 2022 को माननीय केंद्रीय गृहमंत्री जी की घोषणा के साथ पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम, सूरत में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् से महानिदेशक महोदय, श्री अरूण सिंह रावत, भा.व.से., समस्त उपमहानिदेशक, सहायक महानिदेशक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्मिक लाइव वेबकॉस्ट के माध्यम से इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

इसी क्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् में भी दिनांक 14 सितंबर 2022 को अपराह्न 04.00 बजे से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के साथ भी परिषद् में हिंदी पखवाड़े की शुरूआत भी हुई। अरुण सिंह रावत, महानिदेशक भा.वा.अ.शि.प. ने हिंदी पखवाड़ा के कार्यक्रम की अध्यक्षता की जिसमें भा.वा.अ.शि.प. के समस्त अधिकारियों, वैज्ञानिकों, एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिंदी के वरिष्ठ साहित्यकार श्री सुभाष पंत को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., श्री अरुण कुमार सिंह, भा.व.से. ने श्री पंत को शॉल एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में श्री पंत ने कहा कि भाषा हमारे पूर्वजों की सबसे समृद्ध विरासत है। उन्होनें कहा कि सभी भाषाएं समृद्ध हैं और अगर आप अन्य भाषाओं से प्यार करेंगे तो आपकी भाषा को भी सम्मान मिलेगा। साहित्य की ताकत के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि विश्व की सभी महान शख्सियतों ने साहित्यकार बनना चाहा क्योंकि साहित्य आपके अंदर संवेदन पैदा करता है और बिना संवेदना के मनुष्य पशु समान है। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज के लिए साहित्य और वृक्ष परम आवश्यक हैं।

महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प. इस अवसर पर परिषद् तथा इसके संस्थानों में हिंदी के बढ़ते प्रयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में परिषद एवं संस्थानों के सरकारी काम-काज में हिंदी के प्रयोग में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि खासतौर पर अहिंदी भाषी प्रदेशों में स्थित संस्थान हिंदी के प्रयोग में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तथा उन्होंने राजभाषा लक्ष्य भी प्राप्त कर लिए हैं। उन्होनें अपने संबोधन में सभी कार्मिकों से पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक, विस्तार निदेशालय ने इस अवसर पर सभी का विधिवत स्वागत करते हुए हिंदी पखवाड़े के कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं भा.वा.अ.शि.प. में

राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन के लिए किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख किया। डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग ने हिंदी पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर महानिदेशक महोदय, मुख्य अतिथि, श्री सुभाष पंत एवं सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर श्री राकेश कुमार डोगरा, उप महानिदेशक, (प्रशासन), डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक, (विस्तार), डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, श्री ए.एन. सिंह, सहायक महानिदेशक, पर्यावरण प्रबंधन, डॉ. सुमित चक्रवर्ती, सहायक महानिदेशक, अनुसंधान योजना के साथ ही सभी निदेशालयों से अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय में हिंदी पखवाड़े का कार्यक्रम 14.09.2022 से 29.09.2022 तक चलेगा।



EXIT
हिन्दी दिवस
एवं
समारंभ

EXIT
14 से 29 सितम्बर 2022
दिवस

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 29 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
हिन्दी दिवस
एवं
समारंभ
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
EXIT
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 29 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
हिन्दी दिवस
एवं
समारंभ
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
EXIT
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 29 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
हिन्दी दिवस
एवं
समारंभ
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
हिन्दी दिवस
एवं
श्री अरुण सिंह रावत, भा.व.से.
श्री सुभाष पंत,

हिन्दी पखवाड़ा
14 से 29 सितम्बर 2022
भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद्, देहरादून
हिन्दी दिवस
एवं
समारंभ
मीडिया एवं विस्तार प्रभाग, विस्तार निदेशालय
EXIT
INDIAN COUNCIL OF FORESTRY RESEARCH AND EDUCATION

.